# AH-1417 CV-19
## M.A. (Previous)
### Term End Examination, 2019-20
### HINDI
### Paper-II
### आधुनिक हिन्दी काव्य

**Time: Three Hours** **[Maximum Marks: 100]**
**[Minimum Pass Marks:36**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।**

1. निम्नलिखित गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए– 10X3

(क) "सखि, नील नभस्सर में उतरा,
यह हंस अहा। तरता–तरता,
अब तारक–मौक्तिक शेष नहीं,
निकला जिनको चरता–चरता।
अपने हिम–बिन्दु बचे तब भी,
चलता उनको धरता–धरता,
गड़ जाएं न कंटक भूतल के,
कर डाल रहा डरता–डरता।"

अथवा

"ओ चिन्ता की पहली रेखा, अरी विश्व वन की व्याली,
ज्वालामुखी स्फोट के भीषण प्रथम कम्प–सी मतवाली
हे अभाव की चपल बालिके, री ललाट का खलरेखा।
हरी–भरी–सी दौड़–धूप ओ, जल–माया की चल–रेखा।"

(ख) "है अमानिशा उगलता गगन घन अंधकार,
खो रहा दिशा का ज्ञान, स्तब्ध है पवन–चार
अप्रतिहत गरज रहा पीछे अम्बुधि विशाल
भूधर ज्यों ध्यानमग्न केवल जलती मशाल।"

अथवा

"स्तब्ध ज्योत्सना में जब संसार,
चकित रहता शिशु–सा नादान,
विश्व के पलकों पर सुकुमार,
विचरते है जब स्वप्न अंजान,
न जाने नक्षत्रों से कौन–कौन?
निमंत्रण देता मुझको मौन।"

(ग) "सघन निविड़ में वह अपने को
सौंप रहा था उस किरीटी तरू को,
कौन प्रियंवद है कि दंभ कर
इस अभिमंत्रित कारू वाद्य के सम्मुख आवे कौन बजावे
वह वीणा जो स्वयं एक जीवन–भर की साधना रही
भूल गया था केश कंबली राज–सभा को
कँवल पर अभिमंत्रित एक अकेलेपन में डूब गया था।"

अथवा

"बढ़ी बधिरता दस गुनी, बने बिनोवा मूक,
धन्य, धन्य वह धन्य वह शासन की बंदूक,
सत्य स्वयं घायल हुआ, गई अहिंसा चूक,
जहाँ तहाँ दगने लगी शासन की बंदूक
जली ढूंठ पर बैठकर गई कोकिला कूक,
बाल न बांका कर सकी शासन की बंदूक।"

2. 'साकेत' नवम् सर्ग के आधार पर उर्मिला का चरित्र–चित्रण कीजिए। 15

अथवा

"कामायनी एक रूपक काव्य है" इस वाक्य का तर्कसम्मत विवेचन प्रस्तुत कीजिए।

3. निराला किसी वाद के घेरे में न रहकर स्वछंद चेतना के कवि के रूप में दिखाई देते हैं। सोदाहरण समझाइए। 15

अथवा

अज्ञेय के काव्य की विशेषताओं का निरूपण कीजिये

अथवा

नागार्जुन के काव्य वैभव पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4X5

(क) पंत काव्य के विविध सोपानों का वर्णन कीजिए।
(ख) राम की शक्ति पूजा का कथ्य–सौदर्य उद्घाटित कीजिए।
(ग) महादेवी वर्मा के काव्य–वैशिष्ट्य की विवेचना कीजिए।
(घ) 'हालावाद और बच्चन' पर टिप्पणी लिखिए।
(ड.) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध के रचना कौशल पर प्रकाश डालिए।
(च) हिन्दी गजल में दुष्यंत कुमार की भूमिका को रेखांकित कीजिए।
(छ) धर्मवीर भारती के काव्य–संसार का परिचय दीजिए।
(ज) धूमिल काव्य के भाव वैशिष्ट्य को उद्घाटित कीजिए।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1X20

1. "धिम् जीवन जो पाता ही आया है विरोध"
   "धिक् साधन जिसके लिए सदा ही किया शोध"
   प्रस्तुत पंक्तियां किस कविता की है?
2. जयशंकर प्रसाद की दो रचनाओं के नाम लिखिए।
3. कामायनी के दो सर्गों के नाम लिखिए।
4. निराला की प्रगतिवादी कविता का शीर्षक लिखिए।
5. आधुनिक मीरा किसे कहा जाता है।
6. भारत भारती के रचनाकार का नाम लिखिए।
7. धूमिल का पूरा नाम क्या है?
8. मधुशाला के रचनाकार का नाम लिखिए।
9. उद्धव शतक के रचनाकार का नाम लिखिए।
10. सॉनेट छंद किस कवि की पहचान है?
11. नौकाविहार कविता में किस नदी का वर्णन है?
12. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य संग्रह का नाम लिखिए।
13. सरोज स्मृति कविता में सरोज कौन है?
14. कुकुरमुत्ता कविता में गुलाब किस वर्ग का प्रतिनिधि है?
15. असाध्य वीणा के गायक का नाम लिखिए।
16. कामायनी का नायक कौन है?
17. धर्मवीर भारती किस साप्तहिक पत्रिका के संपादक थे?
18. कामायनी पर किस दार्शनिक विचारधारा का प्रभाव है?
19. प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है?
20. महाप्राण विशेषण का प्रयोग किस कवि के लिए किया जाता है?